# बिहार विधान परिषद

## 212 बजट सत्र

# अल्पसूचित प्रश्न
# 06 फरवरी, 2026

----

[शिक्षा - उच्च शिक्षा - विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला एवं संस्कृति - खेल ].

अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या 18

----

### पाठ्यक्रम का संचालन डिस्टेंस मोड

27 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सूबे में "फोकानिया" तथा "मौलवी" के पाठ्यक्रम का संचालन रेगुलर मोड के साथ-साथ दूरस्थ शिक्षा मोड में किया जा रहा है, लेकिन "आलिम" तथा "फाजिल" के पाठ्यक्रम का संचालन सिर्फ रेगुलर मोड में ही किया जा रहा है;

(ख) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में "आलीम एवं फाजिल" के पाठ्यक्रम का संचालन डिस्टेंस मोड में भी मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय से कराने का निर्णय लेना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## ऑडिटोरियम का निर्माण

28 डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सहरसा स्थित रमेश झा महिला महाविद्यालय कोशी कमिश्नरी का एक मात्र अंगीभूत महिला महाविद्यालय है;

(ख) क्या यह सही है कि रमेश झा महिला महाविद्यालय वर्ग कक्ष की भारी कमी के कारण वर्ग संचालन में काफी दिक्कत होती है तथा इस महाविद्यालय में ऑडिटोरियम भी नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रमेश झा महिला महाविद्यालय में वर्ग कक्ष और ऑडिटोरियम का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## ई.पी.एफ. खाते में राशि जमा कबतक

29 श्री जीवन कुमार(शिक्षक गया) :

प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव(स्नातक सारण) :

प्रो. संजय कुमार सिंह(तिरहुत शिक्षक) :

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मेरे निर्वाचन क्षेत्राधीन जिले भोजपुर, अरवल, बक्सर

सहित राज्य के कई अन्य जिलों के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों/ कर्मियों के EPF की राशि जिला कार्यालय द्वारा कटौती तो की गई है, परंतु उनके खाते में EPF की राशि जमा नहीं की गई है;

(ख) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भोजपुर, अरवल, बक्सर सहित राज्य के सभी जिलों में जहां शिक्षकों की EPF की राशि कटौती होने के बावजूद उनके खाते में राशि जमा नहीं की गई है, उसे यथाशीघ्र संबंधित खाते में जमा कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## डिग्री कॉलेज की स्थापना

30 **श्रीमती शशि यादव (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **उच्च शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार ने 360 प्रखण्डों में एक-एक डिग्री **कॉलेज** खोलने का निर्णय लिया है;

(ख) क्या यह सही है कि इस दिशा में सरकारी प्रयास की गति धीमी है, फलतः बहुत सारे बच्चे उच्च शिक्षा में प्रवेश करने से वंचित रह जाते हैं;

(ग) यदि उपरोक्त खडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस दिशा में समय सीमा के अंदर कोई ठोस कदम उठाना चाहती है ,यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## चहारदीवारी का निर्माण

31 श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला अंतर्गत अकबरपुर प्रखंड के पंचायत बकसंडा के प्राथमिक विद्यालय मोहगांय में नामांकित बच्चों की संख्या 163 है;

(ख) क्या यह सही है कि विद्यालय परिसर में चहारदीवारी नहीं होने के कराण अक्सर पशु कई बार खेल मैदान और कक्षाओं तक प्रवेश कर जाते हैं, जिससे विद्यार्थी एवं शिक्षक असुरक्षित रहा करते हैं;

(ग) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालय परिसर में चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है ताकि बच्चे सुरक्षित एवं शिक्षा का वातावरण बेहतर रह सके, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पदाधिकारियों पर कार्रवाई

32 श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी (विधान सभा):

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि 2006 से 2015 के बीच नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी जिनकी नियुक्ति प्राधिकारी पंचायत सचिव, डी०पी०ओ और बी०डी०ओ थे जिन्हें उम्मीदवारों को शैक्षणिक प्रमाण पत्र की जांच पड़ताल के बाद ही नियुक्त करना था;

(ख) क्या यह सही है कि नियोजित शिक्षकों की फर्जी प्रमाणपत्र और अंकपत्र के आधार पर बड़ी संख्या में नियुक्ति की गई जिसमें नियुक्ति प्राधिकारी की

संलिप्तता थी;

(ग) क्या यह सही है कि निगरानी विभाग की जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि 2006 से 2015 के बीच जितने नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति हुई उनमें से 2,916 शिक्षक फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर नियुक्त पाए गए हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 2,916 फर्जी नियोजित शिक्षकों को नियुक्त करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नामांकन के साथ नियुक्ति

33 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **उच्च शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले के बलिया, बखरी, तेघड़ा अनुमंडल में डिग्री कॉलेज भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि डिग्री कॉलेज में नामांकन प्रारंभ करने हेतु प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के विभिन्न संवर्ग का पद अभी तक सृजित नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त डिग्री कॉलेजों में आगामी सत्र से नामांकन प्रारंभ कराने के साथ-साथ बलिया, बखरी, तेघड़ा अनुमंडल के इन सभी डिग्री कॉलेजो में प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और विभिन्न संवर्ग के पदों पर नियुक्ति करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## वेतनमान के साथ उच्चतर प्रभार

**34 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, सोरहत्था, वैशाली ने अपने पत्रांक-757, दिनांक-16.12.2025 के द्वारा अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना को उक्त महाविद्यालय में कार्यरत आठ व्याख्याताओं को बिहार शिक्षा सेवा (शोध एवं अध्यापन उप संवर्ग) के व्याख्याताओं को स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था के अंतर्गत प्रोन्नति के पदानुक्रम में विहित वेतनमान के साथ उच्चतर पद का प्रभार देने के संबंध में अनुरोध किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' के संबंध में बिहार गजट, असाधारण अंक, बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित, सं०-11/आ०नी०-01-03/2023(खंड)-19300/सा०प्र०, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना दिनांक-13 अक्टूबर 2023 के द्वारा सभी विभागों को इस संकल्प के निर्गत होने के पश्चात् यह प्रक्रिया अधिकतम 2 माह के अंतर्गत पूरा करने का निदेश भी दिया जा चुका है, परन्तु संबंधित मामला अबतक लंबित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आठ व्याख्याताओं को विहित वेतनमान के साथ उच्चतर पद का प्रभार देना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## प्रधानाध्यापकों का स्थानांतरण

**35 डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि BPSC द्वारा उच्च माध्यमिक HM परीक्षा 2022

जिसमें 369 HM योगदान किए वे अपनी परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके हैं, और आज तक योगदान किए हुए विद्यालय में ही पदस्थापित हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रधानाध्यापकों को स्थानांतरण का लाभ देना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सेवा सामंजन

36 **प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अंगीभूत महाविद्यालय में स्व-वित्त पोषित बी०एड० विभाग (शिक्षा शास्त्र विभाग) पिछले 13 वर्षों से मानव संसाधन विभाग, बिहार सरकार के संकल्प से संचालित है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार के ऐसे प्रशिक्षण संस्थानों से हजारों छात्र शिक्षा शास्त्र में प्रशिक्षित होकर सरकारी सेवा में कार्यरत हैं;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभिन्न विश्वविद्यालयों के अंगीभूत महाविद्यालयों में चल रहे बी०एड० विभाग में कार्यरत शिक्षक एवं कर्मियों की सेवा सामंजन करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## लिपिक के पद पर प्रोन्नति

37 डा. उर्मिला ठाकुर (विधान सभा):

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार और स्थानीय निकाय एवं अन्य के स्तर से संचालित विद्यालयों में कई वर्षों से परिचारी ( अनुसेवक) कार्यरत हैं;

(ख) क्या यह सही है कि राजकीयकृत और परियोजना माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत परिचारी को लिपिक के पद पर प्रोन्नति हेतु सामान्य प्रशासन विभाग की 13 अक्टूबर, 2023 की अधिसूचना के आलोक में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने-अपने अधीनस्थ विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण - कार्य कराने में सक्षम हैं और उसमें कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं लिपिकों एवं परिचारी को ससमय प्रोन्नति देने में सक्षम हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त परिचारियों को लिपिक के पद पर प्रोन्नति देना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## राजकीयकृत एवं प्रोजेक्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थानांतरण

38 श्री कुमार नागेन्द्र(स्थानीय प्राधिकार : जहानाबाद : गया एवं अरवल ) :
डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा) :

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है की राज्य के सभी पंचायत में एक मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च माध्यमिक विद्यालय बनाया गया है;

(ख) क्या यह सही है की इन विद्यालयों में बीपीएससी से कठिन परीक्षा लेकर बिहार उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाध्याक नियुक्ति स्थानांतरण अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवा शर्त नियमावली 2021 के तहत प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि राजकीय, राजकीयकृत प्रोजेक्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के पद को उपरोक्त नियमावली के अधीन लाया गया है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बीपीएससी से चयनित प्रधानाध्यापकों को राजकीय राजकीयकृत एवं प्रोजेक्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थानांतरण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अतिक्रमण से मुक्त कबतक

39 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत प्रखंड संसाधन केंद्र (BRC) बगहा-1 अतिक्रमित है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड संसाधन केंद्र को अतिक्रमण से मुक्त करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## उच्च विद्यालय में उत्क्रमित

**40 श्री लाल मोहन गुप्ता (विधान सभा):**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिला अंतर्गत नगर परिषद जमालपुर के वार्ड संख्या -3 बड़ी आशिकपुर जो महादलित, दलित, पिछड़ा तथा अति पिछड़ा समुदाय के लोगों का मोहल्ला है यहां के बच्चियों को उच्च शिक्षा के लिए स्कूल नहीं है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, बड़ी आशिकपुर को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## विद्यांजलि पोर्टल पर निबंधन

**41 श्री सौरभ कुमार(पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार) :**
**डा. अजय कुमार सिंह(सहरसा स्थानीय प्राधिकार ) :**
**श्री नीरज कुमार(पटना स्नातक) :**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य में कुल 95,199 सरकारी एवं निजी विद्यालयों में से अब तक केवल 70,602 विद्यालयों का ही विद्यांजलि पोर्टल पर निबंधन हो सका है, जबकि 24,597 विद्यालय (लगभग 26 प्रतिशत) अब भी निबंधन से वंचित हैं;

(ख) क्या यह सही है कि निबंधन से वंचित विद्यालयों में 8,541 सरकारी विद्यालय तथा 16,056 निजी विद्यालय शामिल हैं, जिसके कारण ये विद्यालय

सीएसआर एवं एनजीओ सहायता प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं;

(ग) क्या यह सही है कि पटना (38 प्रतिशत), मुजफ्फरपुर (35 प्रतिशत), गया (47 प्रतिशत), नालंदा (50 प्रतिशत) एवं अररिया (46 प्रतिशत) जिलों में 50 प्रतिशत से भी कम विद्यालयों का निबंधन हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस संबंध में उत्पन्न समस्याओं के निदान हेतु समयबद्ध एवं प्रभावी कार्ययोजना बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## शिक्षकों का वेतन भुगतान

42 **श्री वंशीधर ब्रजवासी (स्नातक तिरहुत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि HRMS की गड़बड़ी के कारण सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा प्रखंड में कार्यरत 83 शिक्षकों के अक्टूबर 2025 का वेतन अब तक लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना, सीतामढ़ी द्वारा नोडल पदाधिकारी HRMS कोषांग, बिहार,पटना को अपने पत्रांक-4025, दिनांक-08.12.25 द्वारा लंबित वेतन के भुगतान की तकनीकी समस्याओं को दूर करने का अनुरोध किया है जिसके आलोक में HRMS में शिकायत टिकट नंबर 86685 दर्ज है परंतु कोषांग की ओर से इसका निस्तारण नहीं किया जा सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार HRMS में दर्ज शिकायत टिकट नंबर 86685 का निराकरण कराते हुए उक्त 83 शिक्षकों का वेतन भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पेंशन/सम्मान राशि का विवरण

43 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **कला एवं संस्कृति** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में पहली बार वरिष्ठ कलाकारों को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन/सम्मान राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त योजना से बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने वाले विभिन्न क्षेत्रों के कलाकार, यथा गायन, पेंटिंग, चित्रकला, हस्तकला, ग्रामीण क्षेत्र की मूर्तिकला तथा अन्य परंपरागत कलाओं से जुड़े कलाकारों को संरक्षण प्राप्त होगा तथा उनकी प्रतिभा के विकास को बढ़ावा मिलेगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ कलाकारों को दी जाने वाली पेंशन/सम्मान राशि, पात्रता मापदंड तथा लाभान्वयन की प्रक्रिया की जानकारी एवं विवरण से सदन को अवगत कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पीएचडी एवं स्नातकोत्तर स्तर की शैक्षणिक व्यवस्था

44 **श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **उच्च शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में पीएचडी एवं स्नातकोत्तर स्तर की समुचित शैक्षणिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि पीएचडी एवं स्नातकोत्तर स्तर की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को आरा एवं अन्य शहरों में नियमित रूप से यात्रा करनी पड़ती है, इससे दुर्घटना बढ़ गई है;

(ग) क्या यह सही है कि सासाराम में उच्च शिक्षा संस्थान अथवा विश्वविद्यालय कैंपस की स्थापना हेतु सरकार द्वारा अब तक क्या-क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीएचडी एवं स्नातकोत्तर स्तर की समुचित शैक्षणिक व्यवस्था कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

पटना – 800015.

06 फ़रवरी, 2026.

अखिलेश कुमार झा,
सचिव
बिहार विधान परिषद्